**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–04.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का गठन कल, राजभवन में 11 मंत्रियों का होगा शपथ ग्रहण समारोह।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधि व्यवस्था को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, पुलिस अधिकारियों को अवैध खनन और साइबर अपराध के खिलाफ सख्त कदम उठाने का दिया निर्देश।**
3. **ईडी के समन की अवहेलना के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आज अदालत में पेशी, कोर्ट का व्यक्तिगत पेशी से छूट देने से इनकार।**
4. **झारखंड में अगले कुछ दिन कड़ाके की ठंड पड़ने का पूर्वानुमान, केन्द्र ने जारी की एडवाइजरी, राज्य के सभी अस्पतालों में विशेष तैयारी के दिये निर्देश।**

**और**

5. **जम्मू में आयोजित 68वीं स्कूल नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड ने पंजाब को हराकर सेमीफाइनल में बनायी जगह।**

*****************

झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कल होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार दिन के साढ़े बारह बजे राजभवन में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इस दौरान राज्यपाल प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी को भी शपथ दिलायेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठबंधन वाली इस सरकार में 11 मंत्रियों को शामिल किए जाने की संभावना है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्रिमंडल में हर प्रमंडल को प्रतिनिधित्व मिलेगा।

इस बीच प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कल पूरी कैबिनेट का शपथ ग्रहण होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्रियों के नाम पर नेतृत्व का फैसला सर्वमान्य होगा।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अवैध खनन और साइबर अपराध के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिये। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अधिकारियों को सुनियोजित अपराध रोकने के एक्शन प्लान तैयार करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जिससे अपराधियों में खौफ हो।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज पीएमएलए कोर्ट में सशरीर पेश होना है। उन्हें इडी के समन की अवहेलना मामले में अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। श्री सोरेन ने इस मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट का आग्रह करते हुए याचिका दायर की थी, जिसे 26 नवंबर को अदालत ने खारिज कर दिया था।

*****************

गुमला जिले में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के किसानों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए जिला प्रशासन ने एक नयी परियोजना की शुरुआत की है। इस परियोजना में नीति आयोग के अवॉर्ड मनी फंड का उपयोग किया जायेगा। इसके तहत जिले के बिशुनपुर, घाघरा और डुमरी प्रखंडों के लगभग 500 पीवीटीजी किसानों को 80 एकड़ भूमि पर कुफरी 'चिप्सोना' प्रजाति के आलू की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि यह परियोजना जिले में कृषि क्षेत्र के विकास और पीवीटीजी समुदाय के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण प्रयास है।

*****************

लोहरदगा जिले में महिला हिंसा की रोकथाम के लिए जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेन सेवाएं प्रभावित होंगी। रेल अधिकारियों के अनुसार आद्रा –बरकाकाना–आद्रा मेमू, रांची–आसनसोल–रांची मेमू, खड़गपुर–रांची – खड़गपुर मेमू, बोकारो स्टील सिटी – रांची – बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर और बर्द्धमान – हटिया – बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस ट्रेन छह और सात दिसंबर को रद्द रहेगी जबकि

खड़गपुर–हटिया– खड़गपुर एक्सप्रेस का आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ होगा। इसके अलावा कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन भी किया गया है।

*****************

चक्रवाती तूफान के कारण मौसम में अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल रहा है। कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना को देखते हुए नेशनल प्रोग्राम फॉर क्लाइमेट चेंज एवं ह्यूमन हेल्थ– एनपीसीसीएचएच ने सभी राज्यों को मौसम में हो रहे अप्रत्याशित बदलावों के प्रति सचेत किया है। एनपीसीसीएचएच ने झारखंड को पत्र लिखकर अस्पतालों में विशेष तैयारी रखने के निर्देश दिये हैं। इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल के बाद पूरे राज्य में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। इससे ठंड में और बढ़ोतरी होगी।

*****************

जम्मू में आयोजित 68वीं स्कूल नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालक टीम ने पंजाब को 1–0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल मैच में झारखंड ने हरियाणा के साथ एक–एक की बराबरी पर मैच खेला। इसके बाद टाइब्रेकर में झारखंड ने हरियाणा को 5–4 से हराया।

*****************

सिकंदराबाद में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हॉकी झारखंड ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को 12–0 गोल से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। झारखंड की ओर से पांच गोल करने वाली लेवनी हेम्ब्रम को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

*****************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार से संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– मंत्रिमंडल का विस्तार कल, राजभवन में दोपहर साढ़े बारह बजे मंत्री लेंगे शपथ।
दैनिक जागरण के शब्द हैं– खत्म हुआ इंतजार, हेमंत सोरेन कल करेंगे अपने मंत्रिमंडल का विस्तार।
प्रभात खबर की सुर्खी है– संसद में शुरु हुई चर्चाः झारखंड में आलू की किल्लत का उठा मामला।
हिन्दुस्तान मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है– साइबर अपराध चुनौती, मजबूत संसाधन तैयार करें।
रांची एक्सप्रेस– मुख्यमंत्री के आदेश पर पांच बेसहारा बच्चों की पढ़ाई और पोषण की हुई व्यवस्था।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी कल होने वाले हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल विस्तार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******समाप्त**********